# कठपुतली

---

Question 1.
कठपुतली अपने पैरों पर खड़ी क्यों नहीं हो पाती?
(a) उसका एक पैर टूटा है
(b) वह बीमार है
(c) उसको खड़े होने से मना किया है
(d) उसके पैरों में शक्ति नहीं है

▼ Answer

Answer: (d) उसके पैरों में शक्ति नहीं है

---

Question 2.
पहली कठपुतली की बात अन्य कठपुतलियों को. अच्छी क्यों लगी?
(a) वे सभी स्वतंत्रता चाहती थी
(b) पहली कठपुतली स्वतंत्रता की बात कर रही थी
(c) स्वतंत्रता चाहना सबकी स्वाभाविक इच्छा होती है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 3.
इस कविता के माध्यम से कवि ने किसके महत्त्व को बताया है?
(a) धन के
(b) स्वतंत्रता के
(c) समय के
(d) धागों के

▼ Answer

Answer: (b) स्वतंत्रता के

---

Question 4.
कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?
(a) समय पर खाना न मिलने के कारण
(b) अपने चारों ओर लोगों को देखकर
(c) अपने चारों ओर धागों के बंधन को देखकर
(d) अपनी बात न बनती देखकर

▼ Answer

Answer: (c) अपने चारों ओर धागों के बंधन को देखकर

---

Question 5.
कठपुतली किसे कहते हैं?

(a) लोहे के पुतले को
(b) काठ की पुतली को
(c) रूई की गुड़िया को
(d) मिट्टी की पुतली को

▼ Answer

Answer: (b) काठ की पुतली को

---

Question 6.
'कठपुतली' कविता के कवि कौन हैं?
(a) रहीम
(b) सर्वेश्वर दयाल सक्सना
(c) भवानी प्रसाद मिश्र
(d) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

▼ Answer

Answer: (c) भवानी प्रसाद मिश्र

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. कठपुतली
गुस्से से उबली
बोली-ये धागे

क्यों है मेरे पीछे-आगे?
इन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।

सुनकर बोलीं और-और
कठपुतलियाँ
कि हाँ,
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद हुए।

मगर.....
पहली कठपुतली सोचने लगी
ये कैसी इच्छा
मेरे मन में जगी?

Question 1.
कठपुतली गुस्से से क्यों उबल पड़ती है?
(a) अपने आपको बंधन में देखकर
(b) अपने आपको दूसरे के हवाले देखकर
(c) दूसरी कठपुतलियों द्वारा व्यंग्य करने पर
(d) अपनी बात बनती न देखकर

▼ Answer

Answer: (a) अपने आपको बंधन में देखकर

Question 2.
कठपुतली क्या चाहती है?
(a) दूसरी कठपुतलियों पर अपना नियंत्रण
(b) धागों में लिपटे रहना
(c) स्वतंत्र होना चाहती है
(d) सबसे मिल-जुलकर रहना चाहती है

▼ Answer

Answer: (c) स्वतंत्र होना चाहती है

---

Question 3.
पहली कठपुतली की बात सुनकर अन्य कठपुतलियों ने क्या किया?
(a) पहली कठपुतली का विरोध
(b) वे आपस में लड़ने लगी
(c) उनके मन में भी स्वतंत्र होने की इच्छा जगी
(d) उन्होंने अपने बंधन तोड़ दिए

▼ Answer

Answer: (c) उनके मन में भी स्वतंत्र होने की इच्छा जगी

---

Question 4.
पहली कठपुतली पर अब क्या जिम्मेदारी आ गई?
(a) अन्य कठपुतलियों की
(b) उसे अब उनका नेतृत्व करना था
(c) नेतृत्व की जिम्मेदारी आने पर वह सोच में पड़ गई
(d) उपुर्यक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपुर्यक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 5.
कठपुतली अपने पैरों पर खड़ी क्यों नहीं हो पाई?
(a) क्योंकि उसमें शक्ति नहीं है
(b) क्योंकि वह दूसरी कठपुतलियों से ईर्ष्या करती है
(c) क्योंकि उसका मन दु:खी है
(d) क्योंकि वह बन्धनों में जकड़ी हुई है

▼ Answer

Answer: (d) क्योंकि वह बन्धनों में जकड़ी हुई है

---